गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

जनवरी 27, 2017

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400 051

2. लिस्टिंग विभाग,
   बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
   फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
   दलाल स्ट्रीट,
   मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल निदेशक मंडल ने बोनस शेयर, अंतरिम लाभांश जारी करने एवं बॉण्ड्स के माध्यम से फंड जुटाने के लिए अनुमति प्रदान की"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.

(ए. के. झा)

कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल निदेशक मंडल ने बोनस शेयर, अंतरिम लाभांश जारी करने एवं बॉण्ड्स के माध्यम से फंड जुटाने के लिए अनुमति प्रदान की

नई दिल्ली, जनवरी 27,2016 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने शेयरधारकों की स्वीकृति के अध्यधीन प्रत्येक तीन इक्विटी शेयरों पर रु.10/- मूल्य का एक पूर्ण प्रदत्त बोनस शेयर जारी करने के लिए संस्तुति दी है। यह निर्णय निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 25 जनवरी, 2017 को आयोजित की गई बैठक में लिया गया। फलस्वरूप, कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी रु.1,268.48 करोड़ से बढ़ कर रु.1,691.30 करोड़ हो जाएगी।

इससे पहले, अक्तूबर, 2008 में गेल ने प्रत्येक दो इक्विटी शेयरों पर एक पूर्ण प्रदत्त बोनस शेयर जारी किए थे।

गेल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी के प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (रु.8.5 प्रति शेयर) पर 85 प्रतिशत की दर से अंतरिम लाभांश के भुगतान की भी मंज़ूरी दी है। अंतरिम लाभांश का भुगतान इस उद्देश्य के लिए तय की गई "रिकॉर्ड तिथि" अर्थात् 3 फरवरी, 2017 के संदर्भ में किया जाएगा।

गेल के निदेशक मंडल ने 25 जनवरी, 2017 को आयोजित अपनी बैठक में एक या अधिक बार में प्राइवेट प्लेसमेंट द्वारा 1500/- करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए निर्गम के आकार की 100% राशि को ग्रीन शू विकल्प के साथ रु.750/- करोड़ मूल्य के रक्षित/अरक्षित, विमोचनयोग्य, कर योग्य कोष को हासिल करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बी सी त्रिपाठी ने कहा कि गेल के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के बाद दूसरी बार बोनस शेयर जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "यह निर्णय शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने एवं इतने वर्षों में कंपनी को मिले सहयोग हेतु उन्हें धन्यवाद देने के लिए" लिया गया है। श्री त्रिपाठी ने आगे कहा कि जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन को प्रायः प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा भी कहा जाता है, इस प्रतिष्ठित परियोजना का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा गंगा परियोजना के उत्तर प्रदेश एवं बिहार के खंडों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और परियोजना का अगला चरण 2017 की दूसरी छःमाही से प्रारंभ होने की संभावना है।

श्री त्रिपाठी ने यह भी बताया कि पाता में पेट्रोकेमिकल संयंत्र का विस्तार भी स्टेबिलाइज़्ड हो गया है। सहायक कंपनी ब्रह्मपुत्र क्रैकर एवं पॉलीमर लिमिटेड, जिसमें गेल को 100 प्रतिशत विपणन के लिए अधिकार प्राप्त है, के असम के संयंत्र से उत्पादन बढ़ा है। गेल अपने पेट्रोकेमिकल उत्पादों हेतु नई मार्केट्स पर कब्जा करने की तैयारी में है और चीन, नेपाल, बंग्लादेश, म्यानमार एवं वियतनाम को निर्यात प्रारंभ कर दिया गया है।

गेल की सहायक कंपनी गेल गैस, बेंगलूरु में अपनी प्रमुख शहर गैस वितरण परियोजना को क्रियान्वित कर रही है और घरों में पाइप्ड नैचुरल गैस की आपूर्ति पहले ही प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा, शहर में वाहनों की ज़रूरतों को पूरा करने हेतु सीएनजी स्टेशनों की स्थापना भी की गई है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि आईएनआर बॉण्ड जारी करना कंपनी के भावी विकास हेतु बढ़ते पूंजीगत खर्च की आवश्यकता के वित्त पोषण में मदद करेगा।